# यूपी से यूरोपीय संघ के देशों में निर्यात 50% बढ़ने के आसार

■ आलोक मिश्र

**लखनऊ।** यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से यूपी के एक्सपोर्ट जगत को बड़ी उछाल मिलने की संभावना है। यूपी से ईयू के कुल 27 देशों में से जर्मनी, आस्ट्रिया, फ्रांस, नीदरलैंड, स्पेन व इटली में 80 प्रतिशत यानी 53 हजार निर्यात होता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भविष्य में एफटीए का बेहतर परिणाम सामने आएगा। ईयू के छह देशों में यूपी के निर्यात को पंख लगने तय हैं। यूपी के पास अन्य देशों में भी निर्यात को बढ़ाने का पूरा मौका होगा।

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लादने के बाद भी यूपी ने ट्रेड वार में खुद को निखारा था। नवंबर 2024 की तुलना में नवंबर 2025 में यूपी के निर्यात में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जो इसका सबूत है। नवंबर 2024 में 1.18 हजार करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, जो नवंबर 2025 में बढ़कर 1.31 हजार करोड़ रुपये पहुंचा। आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूपी से पूरी दुनिया में लगभग 1.86 हजार करोड़ रुपये निर्यात हुआ। इनमें ईयू के खाते में 53 हजार करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज हुआ, जो प्रदेश के कुल निर्यात का लगभग 29 प्रतिशत है। ईयू के साथ निर्यात में इस 29 फीसदी की साझेदारी के आने वाले समय में 50 प्रतिशत की सीमा पार करने की संभावना तय मानी जा रही है।



**1.86** हजार करोड़ रुपये, यूपी का दुनिया को कुल निर्यात

**53** हजार करोड़ रुपये, ईयू को कुल निर्यात

**29 %** प्रतिशत उत्तर प्रदेश के कुल निर्यात का

## ईयू को वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुआ निर्यात

| | सेक्टर-राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल मशीन एंड इक्यूपमेंट | 25,500 |
| आर्टिकल्स आफ एप्रेल एंड क्लोथिंग | 7,276 |
| लेदर गुड्स एंड फुटवेयर | 6171 |
| कारपेट | 1317 |

" प्रदेश का निर्यात इस वित्तीय वर्ष में भी बढ़ा है। ईयू से एफटीए के बाद आने वाले वर्षों में यूपी के निर्यात में 50 % तक की बढ़ोतरी की पूरी उम्मीद है। यूपी नए-नए बाजार तलाशेगा।

**पवन अग्रवाल,** एडिशनल कमिश्नर निर्यात

## यूपी के लिए नए अवसर

पहल इंडिया फाउंडेशन के सहायक शोधकर्ता जशन कक्कड़ का मानना है कि इस समझौते से यूपी से लेदर, गारमेंट, टेक्सटाइल्स, फुटवेयर, कैमिकल, जेम एंड ज्वैलरी के सेक्टर में दूसरे देशों को निर्यात बढ़ेगा।

## ईयू के छह देशों में निर्यात प्रतिशत पर एक नजर

| जर्मनी | आस्ट्रिया | फ्रांस | नीदरलैंड | स्पेन | इटली |
|---|---|---|---|---|---|
| 18.06% | 15.56% | 12.47% | 12% | 11% | 11% |